# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, 12 2080 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 02 दिसंबर ,2025


## न्यूज गैलरी

### कफ सिरप कांड पर कांग्रेस का अनोखा विरोध

**भोपाल।**विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने कफ सिरप कांड और बच्चों की मौत को लेकर जोरदार विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में विधायकों ने बच्चों के पुतले लाकर प्रदर्शन किया। एक महिला विधायक श्पूतनाश के रूप में पहुंचीं। सिंघार ने श्रद्धांजलि के दौरान भी पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजा और इंदौर एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहे कुतरने की घटना का मुद्दा उठाया, जिससे सदन में हंगामा हुआ।

### श्रद्धांजलि के दौरान हंगामा और भाजपा की प्रतिक्रिया

**भोपाल।** (श्रद्धांजलि प्रस्ताव के बीच विपक्ष द्वारा कफ सिरप कांड और एमवाय अस्पताल में लापरवाही का मुद्दा उठाए जाने पर सत्तापक्ष भड़क गया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि श्रद्धांजलि के दौरान परंपरा का पालन हो। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार बच्चों की मौत पर जिम्मेदारी तय करने से बच रही है। वहीं मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा कि सरकार ने इलाज और कार्रवाई दोनों में कोई कमी नहीं छोड़ी है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर विपक्ष का तंजकृ 'निगरानी विफलता

**भोपाल।** उमंग सिंघार ने कहा कि यह घटना सिर्फ कफ सिरप कांड नहीं बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का आईना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मासूमों की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दे रही और स्वास्थ्य विभाग की 'निगरानी विफलता' उजागर हो गई है। कांग्रेस ने बच्चों की मौत पर सदन में विस्तृत चर्चा की मांग की। सिंघार ने कहा कि छिंदवाड़ा में कई घरों के चिराग बुझ गए, मगर सरकार जवाबदेही तय नहीं कर रही।

### 'पूतना' बनी विधायक का प्रतीकात्मक प्रदर्शन

**भोपाल।**विधानसभा परिसर में सबसे अधिक ध्यान जोबट विधायक सेना महेश पटेल और महिला विधायक के प्रतीकात्मक विरोध ने खींचा। महिला विधायक पूतना के भेष में आईं, जबकि एक विधायक ने कफ सिरप की बोतलों की माला पहनकर बच्चों के पुतले उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज और बच्चों की सुरक्षा को लेकर असंवेदनशील है। यह प्रदर्शन कफ सिरप कांड और एमवाय अस्पताल घटना के विरोध का दृश्यात्मक संदेश था।

### विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विमर्श

**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में आज की बैठक आयोजित हुई। इसमें दिलंबा सत्र 2025 के कामकाज के संबंध में विधार विमा हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग विकार, संसदीय कार्य मंत्री कैलास बिजनसोंच, पूर्व क्विन्सभा उमतम उम. विधायकगण मोफत भार्गव, अजय विश्नोई हरिशंकर खटीक, यादवेन्द्र सिंह, सखन कोरिया उपनेता इतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित प्रमुख सचित्र अरविंद उपस्थित रहे। दिसंबर सत्र 2025 के प्रथम दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर से मुख्यमंत्री डॉ. कादव एवं अन्य मंत्री गणों ने सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छा से स्वागत किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा ।

## बच्चों के पुतले लेकर पहुंचे, पूतना का रूप धरा सरकार बोली-इनका काम नौटंकी का ही

# श्रद्धांजलि के दौरान कफ सिरप कांड पर विधानसभा में कांग्रेस का अजब प्रदर्शन

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले ही दिन कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरने के लिए तीखा और अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक बच्चों के पुतले लेकर पहुंचे। वहीं एक महिला विधायक श्पूतनाश का रूप धारण कर आईं, जिसके जरिए सरकार पर लापरवाही और असंवेदनशीलता के आरोपों को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।

सदन के अंदर दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह मुद्दा उठाया और मृत बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। सिंघार ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहों के कुतरने पर भी सवाल उठाए।

### विजयवर्गीय ने कहा कफ सिरप और इंदौर चूहा कांड को कार्रवाई से विलोपित करें, स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सभी लोग श्रद्धांजलि के दौरान चली आ रही पंरपरा का पालन करें

श्रद्धांजलि के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष उमंग ने उठाया मामला मुआवजे की मांग



इंदौर के एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहों के कुतरने पर भी कांग्रेस

**भोपाल।** कांग्रेसी की महिला विधायक ने पूतना के भेष में प्रदर्शन किया

### जिम्मेदारी तय करने से बच रही सरकार

कांग्रेस ने कफ सिरकार के आरोप लगाया कि मौत के बाद भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग जिम्मेदारी तय करने से बच रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले में कई बच्चों की मौत से परिवार शोक में हैं, लेकिन सरकार न तो समीक्षा कर रही है और न ही जवाब दे रही है। उमंग सिंघार ने कहा कि छिंदवाड़ा में कई घरों के चिराग बुझ गए। अस्पतालों में हाल यह है कि बच्चों को चूहे तक कुतर रहे हैं और सरकार चर्चा तक से बच रही है।

### डॉ से लेकर मालिक तक की गिरफ्तारी की

कैबिनेट मंत्री एंदल कंसाना ने कह कैबिनेट मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा कि हमारी सरकार ने बच्चों के इलाज का पूरा प्रबंध किया है। उन्हें सभी मदद उपलब्ध कराई गई। कांग्रेस ने प्रदर्शन कर अपनी भूमिका बताई है। हमने कठोर कदम उठाते हुए कार्रवाई की

### यह स्वास्थ्य विभाग की शनिगरानी विफलता

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का आईना है। जनता जानना चाहती है कि आखिर मासूमों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में क्यों नहीं है? बच्चों की मौत और स्वास्थ्य विभाग की शनिगरानी विफलताश पर भाजपा सरकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विपक्ष ने सत्र में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग भी उठाई। विधानसभा परिसर में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा जोबट विधायक सेना महेश पटेल के प्रतीकात्मक विरोध ने। उन्होंने पूतना का मुखौटा पहनकर गले में कफ सिरप की बोतलों की माला डालकर और बच्चों के पुतलों को साथ लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज और बच्चों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है।

## बारात में बवाल, पत्थरबाजी पान की गुमटी से शुरू हुआ विवाद, 2 घायल

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

रविवार देर रात बाग–ओ–बहार मैरिज गार्डन में विवाह समारोह के दौरान बाहर हुए विवाद के बाद 10दृ12 युवक अंदर घुसकर पत्थरबाजी करने लगे। वे गाली–गलौज करते हुए बर्तन से हमला करने की कोशिश करते दिखे। इस दौरान दो लोग घायल हो गए।

### बाहर पान गुमटी पर कहासुनी से शुरू हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार, बारात के कुछ युवक पान की गुमटी से सामान लेकर पैसे दिए बिना आगे बढ़ गए। इस पर गुमटी संचालक की उनसे बहस हो गई। उसने अपने परिजनों को बुला लिया और मामला बढ़ गया। वही शादी में आए लोगों ने बताया कि विवाद बाहर गुमठी वाले और किसी अन्य युवक का था, जो शादी गार्डन में घुस गया, जिसके बाद गुमठी वाले के साथ मिलकर उसके परिजन सभी शादी समारोह में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी।

**वीडियो आया सामने** वीडियो में कुछ युवक मैरिज गार्डन के बाहर व अंदर पत्थर मारते और गाली–गलौज करते साफ नजर आ रहे हैं। वीडियो में अफरा–तफरी का माहौल



दिखाई देता है और मेहमान जान बचाकर इधर–उधर भागते दिखाई देते हैं।

**दो युवक घायल, झारे से हमला**

मारपीट के दौरान बुधवारा निवासी शहजादे के सिर पर खाना बनाने वाले झारे से हमला किया गया। उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। वहीं एक अन्य युवक भी जख्मी हुआ है। दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया।

**पुलिस बोली– फुटेज खंगाल रहे हैं**

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी के. शुक्ला ने बताया दो युवकों को चोट आई है। किसी महिला को चोट नहीं है। हमने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की तय की जाएगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर संदिग्धों की पहचान शुरू कर दी है। देर रात तक समारोह स्थल के आसपास तनाव की स्थिति बनी रही।

## भूमि अधिग्रहण कानून में एकरूपता लाए केंद्र सरकार, भारतीय किसान संघ

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

विकास परियोजनाओं के नाम पर कृषि भूमि के लगातार अधिग्रहण और किसानों की उपेक्षा पर भारतीय किसान संघ ने गहरी चिंता जताई है। राजस्थान के उदयपुर में भारतीय एग्रो इकॉनॉमिक रिसर्च सेंटर (ठ।म्त्) के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय विद्वत संगोष्ठी में भूमि अधिग्रहण कानून की विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा के बाद '"उदयपुर डिक्लेरेशन"' जारी किया गया।

संगोष्ठी में 12 राज्यों के



किसान प्रतिनिधियों, भारतीय किसान संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, अधिवक्ता परिषद सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले 15 सूत्रीय सुझावों में ग्रामसभा की 80: सहमति अनिवार्य करने, मुआवजा बाजार मूल्य से 4 गुना तय करने, पुनर्वास बोर्ड बनाने, बहुफसली भूमि के अधिग्रहण पर रोक, भूमि उपयोग न होने पर उसे किसान को वापस करने तथा 'लैंड पुलिंग कानून पूरी तरह समाप्त' करने की मांग शामिल है।

देशव्यापी सर्वे में सामने आया कि किसानों को समय पर मुआवजा नहीं मिला, विस्थापितों को रोजगार–विकल्प नहीं दिए गए और अधिग्रहित भूमि की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो सकी। संगठनों ने केंद्र से कानून में राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता लाने और नियमों के दुरुपयोग पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान करने की मांग की। बैठक में दिनेश कुलकर्णी, प्रमोद चौधरी, मकरंद करकरे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रायसेन में 45 वर्ष पुराना पुल ढहा 2 बाइक सवार गिरे, एक की मौत

**डीआर संवाददाता ⏭ रायसेन**

रायसेन जिले के बरेली पिपरिया स्टेट हाईवे पर नयागांव में पुल ढह गया। पुल के बीच वाला स्लैब एक स्कूटर सवार तीन लोग वाहन सहित नाले में गिरने से घायल हो गए। हादसे में घायल बाइक सवार देवेंद्र सिंह धाकड़ (35) की मौत हो गई। वह अपनी बहन की विदाई कर लौट रहा था। भोपाल एम्स में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पुल को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। लापरवाही के चलते प्रबंधक एए खान को



सस्पेंड कर दिया है। पुल ढहने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जो 7 दिन म रिपोर्ट देगी। इस घटना को एमपीआरडीसी की बड़ लापरवाही माना जा रहा है।



## कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद के लिए बैठेंगे दो-दो मंत्री, सोमवार से शुरुआत हुई

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

भाजपा कार्यालय में अब सप्ताह में पांच दिन तक मप्र सरकार के दो–दो मंत्री हर दिन दो हमत खंडेलवाल घंटे के लिए बैठेंगे। वे इस दौरान सत्ता व संगठन के बीच तालमेल बैठाएंगे ही साथ में आम कार्यकर्ताओं व जनता की मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सरकार एवं संगठन में किए जा रहे नवाचार समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इस तरह का नवाचार मप्र में पहली बार शुरू हुआ है। भाजपा ने पांच दिनों का एक शेड्यूल भी जारी कर दिया है।





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि मप्र में संगठनात्मक सक्रियता और नवाचारों का नया अध्याय शुरू किया गया है। कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय मजबूत करने के लिए सोमवार ,

### प्रदेश कार्यालय में मौजूद रहेंगे यह मंत्री

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार एक दिसंबर को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व मंत्री गौतम टेटवाल मौजूद थे। 2 दिसंबर मंगलवार को मंत्री राकेश सिंह एवं दिलीप अहिरवार, 3 दिसंबर बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल, 4 दिसंबर गुरूवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रतिमा बागरी, 5 दिसंबर शुक्रवार को

## सीएम ने कहा–जीवन की सारी जिज्ञासाओं का समाधान गीता में

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

आगाभोपाल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया मुख्यमंत्री ने 55 जिलों में करीब तीन लाख से अधिक गीता पाठियों का सस्वर पाठ

गीता महोत्सव में श्रीकृष्ण आराधना एवं आचायर्यों, सतों की सन्निधि में 11000 कृष्णमार्गियो, कृष्ण भक्तों, बटुको, स्कूल विद्यार्थियों की ओर से एक स्वर में श्रीमद्भगवद्गीता के 15 वें अध्याय का सुमधुर पाठ किया गया।

**कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएम ने कहा**–जीवन की सारी



गीता महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गीतापाठियों के साथ सीएम डॉ. यादव

जिज्ञासाओं का समाधान गीता में हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवट्टीता एक अद्भुत, अनुपम और पवित्र ग्रंथ है। गीता के अध्ययन मात्र से ही मनुष्य के जीवन के सभी प्रश्नों और सभी जिज्ञासाओं का शमन (समाधान) हो जाता है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान ही सम्पूर्ण सृष्टि के समग्र ज्ञान और चेतना

यह मोह माया को तजकर कर्तव्य पथ को चुनना सिखाती है

का पहला गौता भवन इंदौर में बनकर हुआ तैयार

भगवान श्रीकृष्ण के जहां–जहां चरण पड़े, उन्हें तीर्य बनाएगी सरकार

### श्रीकृष्ण नी उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए

उन्होंने कहा कि भारत में 5 हजार वर्ष पहले से विद्यार्थियों के लिए गुरुकुल जाकर शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था थी। श्रीकृष्ण भी उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए, यहां पर चारों वेद, सभी उपनिषद्, 64 कलाएं और 14 विद्याएं सीखीं।

## मौसम मे बदलाव आगामी दिनों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी

## औसत पारा अभी सामान्य से कुछ जिलों में बादल छाएंगे, रात अधिक, दिन का कम दर्ज

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा। अभी कुछ दिन सर्वे में मामूली कमी रहेगी। इसके बाद कड़ाके की सदी की ठंडक का दौर शुरू होगा। 7 दिसंबर के बाद सर्दी में तेजी से बढ़त होगी।

इसके साथ ही कुछ जिलों में बादल और बौछारें भी पड़ सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी दिनों में रात के ताप से 3 डिग्री तक कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस सप्ताह मौसम में बदलाव रहेगा।

### अभी सर्दी में मामूली कमी, लेकिन 7 दिसंबर के बाद



### कड़ाके की ठंड पड़ेगी

एक नया पश्चिमी विक्षोभ 5 दिसंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने की उम्मीद फिर 4 डिग्री तक आएगा पारा आज से दिन बाद टिम का असर कम होने के बाद हवार पूरी तरह उतरी हो।

### 5 दिसंबर को नया डब्ल्यूडी

के अभी पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में सकुलेशन के रूप में पाकिस्तान और आसपास सक्रिय है। साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में है जो पाकिस्तान के आसपास सक्रिय डब्ल्यूडी में विलय हो रहा है। एक सकुलेशन भी उत्तरी हरियाणा के आसपास सक्रिय है। इससे अभी मौसम में ज्यादा बदलाय नहीं होगा।

## चार दिवसीय विश्वरंग 2025 का भव्य समापन , वैश्विक साहित्य-कला संवाद का उत्सव

**डीआर संवाददाता ⏭ भोपाल**

भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित "विश्वरंग 2025दृटैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव" का चार दिवसीय आयोजन गरिमामय समापन के साथ संपन्न हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन के उद्घाटन संबोधनों से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में देश–विदेश के साहित्यकारों, कलाकारों, शिक्षाविदों और युवाओं की व्यापक भागीदारी रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे मध्यप्रदेश की सृजनशील चेतना का उत्सव बताया।

इस सातवें संस्करण ने प्रत्यक्ष व डिजिटल माध्यमों के जरिए 4.7 करोड़ से अधिक दर्शकों





तक पहुँच बनाकर एक नई उपलब्धि दर्ज की। 12 से अधिक समानांतर मंचों पर नई सदी के कौशल, एआई युग, साहित्यिक सरोकार, प्रवासी साहित्य, सिनेमा, खेल, ओटीटी और कॉर्पोरेट विषयों पर विशेषज्ञों ने संवाद किया। नीदरलैंड, जापान, अमेरिका सहित कई देशों के रचनाकारों ने भाषा–संरक्षण और सांस्कृतिक पहचान पर विचार साझा किए।

सांस्कृतिक संध्याओं में लोकनृत्य, लोकसंगीत, श्रीकृष्ण लीला और सोना महापात्रा के लाइव कॉन्सर्ट ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। अंतिम दिवस पर टैगोर अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के चयनित 100 युवा कलाकारों को सम्मानित किया गया तथा महानाट्य "अहिल्या रूपेण संस्थिता" का मंचन हुआ।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीष शुक्ल पक्ष, 12- 2082 | सीहोर, दिन मगलवार, दिनांक 02 दिसम्बर 2025

## न्यूज गैलरी

### परिचय सम्मेलन 28 को इंदौर में

**सीहोर।** मप्र ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में युवक–युवती परिचय सम्मेलन श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा न्यास इंदौर के तत्वावधान में 28 दिसंबर को शुभकारज गार्डन राजीव गांधी चौराहा इंदौर में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए उप कार्यालय सीहोर के अखिल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस परिचय सम्मेलन में कुछ नवाचार किए जाएंगे। फार्म शहर के गांधी रोड स्थित आरती कंगन स्टोर्स से प्राप्त किए जा सकते है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।

### चौंबर उखड़ने से हादसों का खतरा इसके बाद भी मरम्मत नहीं की

**सीहोर।** पावर हाउस चौराहा के बीचोंबीच नाली के ऊपर चौचौंबर बनाया गया कि है। जून 2025 में इसे बनाया गया था क्योंकि जो पहले बना हुआ था, वह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद जब इसे बनाया गया, तो कुछ दिन तक तो ठीक रहा, लेकिन फिर यह उखड़ने लगा। इसके चारों तरफ सीमेंट कांक्रीट सही सही तरीके से नहीं करने के कारण यह समस्या हुई। अब यहां पर वाहन चालकों के गिरने का खतरा बना रहता है, जबकि इस मार्ग से हर रोज हजारों वाहन निकलते हैं। स्थानीय लोग भी इसे लेकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी आज तक नगर पालिका ने सुधार कार्य नहीं किया। यदि इसे ठीक नहीं किया जाता है, तो किसी भी दिन यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है। –लक्ष्मण कुशवाह

### क्षतिग्रस्त पोलों को नहीं हटाने से खतरा, दें ध्यान

**सीहोर।** इंदौर नाके पर एक बिजली का पोल क्षतिग्रस्त होकर टेढ़ा हो गया है। यहां से लोगों के घरों के बिजली कनेक्शन भी दिए गए हैं। इसके बावजूद इस पोल को ठीक नहीं किया गया है। इस कारण किसी भी दिन यह गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। यही स्थिति सैकड़ाखेड़ी रोड की भी है। यहां पर भी एक सड़क हादसे में पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था। तभी से यह पोल यहां पड़ा हुआ है। इसे आज तक न तो हटाया गया और न ही इसकी जगह दूसरा नया पोल लगाया गया। इस तरह की लापरवाही से हमेशा खतरा बना रहता है। लेकिन जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं। समस्याएं शहर में कई जगह हैं। – कृपाल सिंह यह

### मृत मवेशियों को उठने के लिए नहीं पहुंचता अमला

---

**प्रदर्शन** | बैरसिया-भोजपुरा मार्ग पर ग्रामीणों ने बैठकर किया प्रदर्शन, यातायात थमा रहा

# बरखेड़ा हसन में स्मार्ट मीटर लगाने का ग्रामीणों ने किया जमकर विरोध

डीआर संवाददाता» बरखेड़ा हसन



बरखेड़ा हसन स्मार्ट मीटर के विरोध में ग्रामीणों ने बैठकर विरोध प्रदर्शन

जिले के दोराहा अंतर्गत आने वाले बरखेड़ा हसन में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध देखने को मिला। विरीधि प्रदर्शन के दौरान बरखेड़ा हसन में बैरसिया भोजपुरा मार्ग लगभग 1 घंटे तक बंद रहा। रोड पर ग्रामीणों ने बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं इस दौरान वाहनों की लंबी–लंबी कतारे लग गई। स्मार्ट मीटर के विरोध में सड़क पर बैठे ग्रामीण नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताते रहे। वहीं ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री मुर्दाबाद के नारे भी लागए। बरखेड़ा हसन में लागए गए स्मार्ट मीटरों के खिलाफ आखिरकार लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को बरखेड़ा हसन के स्थानीय ग्रामीण बिजली उपभोताओ ने विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पैदल रैली निकाल कर बरखेड़ा के बस स्टैंड चौराहा पर पद और जमकर नारेबाजी कर सड़क पर बैठ गए। जहां पर स्मार्ट मीटर को लेकर अपना विरोध जताते रहे। सूचना मिलने पर अहमदपुर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों से चर्चा की लेकिन ग्रामीण इस बात पर अड़े रहे की विद्युत विभाग से कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आए और बात करें।

ग्रामीणों का बढ़ता विरोध देख अहमदपुर विद्युत केंद्र में विद्युत केंद्र प्रभारी जे ई शिवराम सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। स्थानीय पुलिस प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों की समझाइश इस पर ग्रामीणों ने विरोध खत्म किया। लगभग 1 घंटे तक आवागमन बंद रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइए पर ग्रामीणों का विरोध खत्म हुआ। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के जेई शिवराम सिंह को ग्रामीणों ने ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें स्मार्ट मीटर नहीं लगाने को लेकर उल्लेख किया गया। स्मार्ट मीटर विद्युत केंद्र प्रभारी जेई शिवराम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्या को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा। वही जान आक्रोश के दौरान ग्रामीणों में स्थानीय प्रतिनिधियों को लेकर भी आक्रोश देखा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस विरोध प्रदर्शन से दूरी बनाई।

### बंदूक के डर दिखा कर लगा रहे मीटर

ग्रामीण कुलदीप शर्मा ने बताया कि बिना परमिशन के स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। एक हमारे व्यापारी है उनके बिना परमिशन के मीटर लगा दिया गया। उनका 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। फ्रिज उनके जल गए कोई अगर स्मार्ट मीटर नहीं लगाने देता है तो गाडों को बुलाया जाता है। बंदूक की नोक पर स्मार्ट मीटर लगाए जाते हैं उन्हें डराया और धमकाया जाता है।

### उपभोक्ताओं के साथ कर रहे अन्याय

ग्रामीण मोहित नामदेव ने बताया कि स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार थी तब एक बत्ती कनेक्शन की बात की गई थी। लेकिन एक बत्ती कनेक्शन कागजों में समेटा जा रहा है। सरकार और बिजली विभाग बिजली उपभोक्ताओं के साथ अन्याय कर रही है अगर यही सब चलता रहा तो भाजपा की सरकार का अंत निश्चित है, गांव में बहुत से लोग गरीब हैं, कैसे बिजली बिल भरेंगे। सरकार नेता और विद्युत विभाग के अधिकारी देखें सरकार आकर देखें तो उन्हें पता चल जाएगा कि किस तरह से ग्रामीण परेशान है, यही सब चलता रहा तो भाजपा की सरकार का अंत निश्चित है।

### मार्ग बंद होने से यातायात हुआ अवरुद्ध

स्मार्ट मीटर के विरोध को लेकर लोग सड़कों पर जब बैठे तो यातायात अवरुद्ध हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी–लंबी कतारे लग गई, अहमदपुर पुलिस और ग्रामीणों के बीच लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीण कहीं माने पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों को सड़कों पर से हटाया गया। तब कहीं जाकर यातायात चालू हुआ। ग्रामीण सड़क से तो हट गए, लेकिन इस बात पर डटे रहे की स्मार्ट मीटर बरखेड़ा हसन में नहीं लगाने दिए जाएंगे। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के जेई शिवराम सिंह को ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर नहीं लगाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।



---

# मोबाइल पर बात करते समय ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में जा घुसी, ड्राइवर फरार



डीआर संवाददात» भैरूंदा

इस समय क्षेत्र में अवैध रूप से ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से रेत का कारोबार हो रहा है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे भैरूंदा नगर के पास बिजला नहर जोड़ के समीप रेत से भरी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सीधे नहर में घुस गई। ट्रॉली चालक घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि चालक मोबाइल पर बात कर रहा था। इस दौरान ब्रेकर आने से वाहन का संतुलन बिगड़ा और ट्रॉली नहर में जा घुसी। जब पटवारी और पुलिस घटनास्थल पर मौजूद थे, तो उसी दौरान यहां से ट्रैक्टर–ट्रॉलियां ओवरलोड रेत लेकर सामने से गुजरती रहीं। इन्हें नहीं रोका गया।

नहर में पड़ी हुई ट्रैक्टर ट्राली। बिना नंबर और रॉयल्टी के दौड़ रहीं ट्रॉलियां जांच टीम के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉली पर न तो नंबर था और न ही किसी प्रकार की रॉयल्टी का दस्तावेज। लंबे समय से भैरूंदा और आसपास के क्षेत्रों में ट्रैक्टर–ट्रॉली खुलेआम ओवरलोड रेत ढोते हुए देखे जा रहे हैं।

कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पटवारी विनोद मीणा ने बताया कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

---

# लापता महिला और युवती अहमदाबाद में मिली

डीआर संवाददात» सीहोर

सीहोर जिले की श्यामपुर पुलिस ने लापता हुई एक विवाहित महिला और एक युवती को अहमदाबाद (गुजरात) से ढूंढ निकाला है। पुलिस ने दोनों को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया है।

सोमवार को यह कार्रवाई 25 नवंबर को दर्ज हुई एक गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद की गई। शिकायतकर्ता ने



बताया था कि उसकी 18 साल 5 महीने की बेटी और पड़ोस में रहने वाली एक महिला बिना बताए घर से चली गई थीं। इस सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और साइबर सेल सीहोर से गुमशुदाओं की जानकारी जुटाई।

जांच के दौरान गुमशुदाओं के अहमदाबाद के ध्रुव नगर, नरोल गांव में होने की जानकारी मिली। इसके बाद श्यामपुर पुलिस टीम अहमदाबाद पहुंची और दोनों को सकुशल खोज निकाला। उन्हें श्यामपुर वापस लाकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

---

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मौलाना मदनी को जेल में डाला जाए: विहिप

डीआर संवाददात» सीहोर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने सुप्रीम कोर्ट पर भी उंगलियां उठाने वाले लोकतांत्रिक देश में इस्लामी आतंकवाद को बढ़ाने और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले जमीयत उलेमा ए हिन्दु के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी को जेल में डालने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने सोमवार को विहिप के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़



नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली थाना पहुंचकर नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदा शर्मा को मौलाना मदनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है। विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि मौलाना मदनी मुसलमान को हिंदुओं के खिलाफ सीधे जिहाद करने के लिए उकसा रहे हैं। मौलाना मदनी ने सुप्रीम कोर्ट पर भी उंगलियां उठाई है। मदनी ने लोकतांत्रिक देश में इस्लामी आतंकवाद को बढ़ाने विहिप बजरंग दल उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग करता है।प्रदर्शन में जिला नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश कुमार विश्वकर्मा, जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिलामंत्री राजेश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा जिला सह संयोजक आशीष सिसोदिया, नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, यज्ञेश राठौर, नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाह, नगर संपर्क प्रमुख क्षितिज श्रीवास्तव नगर सह सुरक्षा प्रमुख भगवान दास कुशवाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, हजारों का नुकसान

डीआर संवाददात»सीहोर

शहर के पास के गांव जताखेड़ा में एक घर में अचानक आग लग गई। इससे हजारों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। किसी तरह दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस आगजनी में ग्रामीण को लगभग 60 हजार रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस के अनुसार, मंडी थाना क्षेत्र के गांव जताखेड़ा निवासी मोरसिंह के घर में सोमवार की शाम करीब 4 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। बताया जाता है कि आगजनी के वक्त घर में कोई नहीं था। आग और धुआं देख ग्रामीणों ने



आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दौरान फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल के कर्मचारी महेंद्र और आसिफ ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। ग्रामीण मोरसिंह का कहना है कि आगजनी में लगभग 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। आगजनी का कारण फिलहाल अज्ञात है।

### लोक अदालत 13 को, बिजली के मामलों में मिलेगी छूट

सीहोर जिले के सभी न्यायालयों में 13 दिसंबर को लोक अदालत लगेगी। इसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश और प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने लोक अदालत के प्रचार रथ को रवाना किया। लोक अदालत में बड़ी संख्या में समझौता योग्य प्रकरण रखे जाएंगे। इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लंबित और प्रीलिटिगेशन विद्युत प्रकरणों के निपटारे पर चर्चा हुई। बैठक में – प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, एमके वर्मा, प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह, विद्युत महाप्रबंधक पूनम तुमराम, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, पैनल लॉयर्स और लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स के कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# शराबी पतियों से परेशान गांव की महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची

डीआर संवाददात»सीहोर

जनपद पंचायत इछावर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गऊखेड़ी में संचालित शराब की दुकान बंद कराने की मांग मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने नारेबाजी कर डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपुत को ज्ञापन दिया।

डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को महिलाओं ने बताया कि पत्ति और बेटों सहित अन्य परिजनों के द्वारा अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया



जा रहा है जिस कारण हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पतियों के शराब के आदी होने के चलते हैं बच्चों का भविष्य भी खराब हो रहा है। घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही है शराबी पति सभा स्पीकर मारपीट कर रहे हैं गांव में जुआं सट्टा भी खेला जा रहा है कारण गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति और भी खराब होते चली जा रही हैं। ग्राम पंचायत सरपंच कल्याण सिंह मेवाडा ने भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में लेटर लिख कर दिया है लेकिन इस मामले में अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रेम भाई कांताबाई सोनू बाई, कलाबाई बसंताबाई धापू बाई, सिंगार बाई, चिंता बाई, चिंता बाई, संगीता बाई कविता बाई, कृष्ण बाई, पवन परमार, महेश, मनोहर राकेश, महेश राम सिंह, राय सिंह, कैलाश राहुल देव सिंह, कमलेश, अर्जुन, विक्रम सिंह आदि ग्राम वासी शामिल

---

**टीएल मीटिंग** | शासन के निर्देशानुसार गीता जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# श्रीमद्भागवत गीता के 15 अध्याय का सस्वर किया गया वाचन

डीआर संवाददात»सीहोर

राज्य शासन के निर्देशानुसार गीता जयंती के अवसर पर सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'भगवद्गीता' के 15वें अध्याय के सामूहिक पाठ के साथ हुई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के. एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, पंडित मोहितराम पाठक, सदगुरू विद्यापीठ के नरेश तिवारी शामिल हए। सभी ने श्रीमद्भागवत गीता के 15 अध्याय का सस्वर पाठ किया।



गुरुकुल के छात्रों द्वारा गीता के श्लोक एवं संगीता संगीत महाविद्यालय द्वारा प्रेरणा गीत का गायन किया।

इस अवसर नगर पिलका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास के साथ साथ धर्म–संस्कृति के संरक्षण और इन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रही हे। उन्होंने कहा कि ने गीता के सार और उसमें निहित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता मनुष्य को कर्म, ज्ञान और भक्ति के समन्वित मार्ग पर चलना सिखाती है।

कार्यक्रम में महंत उद्धवदास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग सिद्धांत से निष्ठापूर्वक अपने कर्मपथ पर दृढ़ होकर चलने की अभिप्रेरणा मिलती है। महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन के गहन संशयों और जिज्ञासाओं से उपजे प्रश्नों के समाधान स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ने ज्ञान–योग, कर्म–योग और भक्ति–योग के त्रि–गत संयोग से सनातन के आधारभूत चिंतन की भाव–भूमि तैयार की है, जो आज भी और आने वाली पीढ़ियों को भी अपने आलोक से ऊर्जस्वित करती रहेगी । श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय मनीषा के दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सद्कर्म के माध्यम से मनुष्य को अपने में ही दिव्यता का अनुभव करा देती है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, प्राचार्य आलोक शर्मा सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।




---

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर सीहोर जिला जेल में कार्यक्रम आयोजित



डीआर संवाददात» सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर सीहोर जिला जेल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेल के बंदियों द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के 15 अध्याय का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी बंदियों को गीता के ज्ञान से परिचित कराया गया और सभी बंदियों ने सतमार्ग पर चलने एवं अनैतिक कर्म न करने की शपथ ली। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल, उप अधीक्षक अक्षय सिंहोत्तके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीष शुक्ल पक्ष,12-2082 | सीहोर,दिन मगलवार,दिनांक 02 दिसम्बर 2025


## न्यूज गैलरी

### सीवेज का पानी सड़क पर फिर भी जिम्मेदार बने हुए हैं लापरवाह

**सीहोर।** कई जगह शहर में सीवेज का पानी सड़क पर आता है लेकिन इसका कि सही तरीके से निकासी नहीं हो पाती है। इसलिए वाहन चालकों के अलावा क वहां के रहवासी भी परेशान हैं। गंगा आश्रम में बजाज शोरूम के पासा एक व चौंबर से गंदा पानी निकल रहा है। यह पूरी सड़क पर फैल जाता है। इससे क इस कदर दुर्गंध आती है कि यहां पर बैठना भी मुश्किल हो जाता है। अ स्थानीय लोग अपने घरों में भी इससे परेशान हैं। यही स्थिति वाहन चालकों दन के साथ है जब यह गंदा पानी वाहनों के गुजरने पर दूसरे लोगों पर आकर भउनके कपड़े तक खराब कर देता है। निकासी सही तरीके से नहीं होने से ब परेशानी हो रही है। यहां पर नगर पालिका को सफाई करना चाहिए जिससे र समस्या का समाधान हो सके। बीएल शर्मा

### स्टेडियम का मुख्य गेट पर जड़ा ताला, परेशा

**सीहोर।** राजगढ़ शहर के खिलाड़ियों को इन दिनों नियमित खेल अभ्यास के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजगढ़ स्टेडियम परिसर, जहां रोज सुबह-शाम बड़ी संख्या में क्रिकेट और फुटबॉल खिलाड़ी नियमित अभ्यास करने पहुंचते हैं, अब अव्यवस्थाओं का पर्याय बनता जा रहा है। सोमवार को स्थिति तब और खराब हो गई जब खिलाड़ी स्टेडियम पहुंचे तो मुख्य गेट पर ताला जड़ा हुआ मिला। अभ्यास के लिए आए खिलाड़ियों को गेट खुलने के इंतजार में काफी देर तक खड़ा रहना पड़ा। खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि स्टेडियम में न तो किसी तरह की खेल सुविधा उपलब्ध है और न ही मैदान की नियमित देखरेख होती है।

### टावरः बाजार मूल्य का 200ः क्षतिपूर्ति मिलेगी

**सीहोर।** टावर लाइन बिछाने में प्र क्षतिपूर्ति के अलावा भूमि स्वामी को टॉवर लगाने जमीन के क्षेत्रफल के व प्रचलित बाजार मूल्य का 200 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि के रूप में दिया जाएगा। टावर के 4 लेग के अंदर के अलावा हर तरफ एक मीटर भूमि मुआवजे के लिए पात्र होगी।

### भावांतर में सोयाबीन का मॉडल रेट 4239 रुपए

**सीहोर।** भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 1 दिसंबर मॉडल भाव 4239 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है।

### दस्तावेज सत्यापन व दक्षता परीक्षण 5 को

सीहोर 6 बिजली कंपनियों में खाली पदों की पूर्ति के लिए मध्य क्षेत्र ग विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा लाइन परिचारक के पदों को भरने प्रथम प्रतीक्षा सूची में चयनित 35 ह आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण 5 दिसंबर को होगा

### 10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन 20 तक

**सीहोर।** नेशनल स्कूल ऑफ ओपन व स्कूलिंग ने दसवीं व 12वीं की व परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन शुरूम कर दिए हैं। रजिस्ट्रेशन 20 दिसंबर व तक होंगे। परीक्षा अप्रैल व मई में होगी। आवेदन शुल्क 300 रुपए रखा गया है।

---

**टीएल बैठक** कलेक्टर बोले वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं

# शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचें व ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज करें ,कलेक्टर

कलेक्टर ने एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने पर अधिकारियों-कर्मचारियों और मतदाताओं को दी बधाई



डीआर संवाददात» सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं। बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर जिले द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए जिले के सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सहित सीहोर जिले की पूरी टीम एवं मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले की टीम ने अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि जिले की मजबूत प्रशासनिक क्षमता और मतदाताओं के सहयोग का परिणाम है। कलेक्टर ने मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता और सक्रिय भागीदारी का इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभाग भविष्य में भी इसी तत्परता और दक्षता के साथ कार्य करते रहेंगे, जिससे जिले के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने के बाद अब नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व संबंधी कार्यों का तेजी से निपटारा किया जाए, ताकि आमजन को समयबद्ध सेवाएं मिल सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने राजस्व वसूली बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विभागीय प्रयासों को मजबूत करते हुए निधर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाने तथा बकाया वसूली अभियान को गति देने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि पंचायत भवनों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए, ताकि पंचायत भवनों का उपयोग मूल उद्देश्य के अनुरूप हो सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इछावर जनपद में चार तथा सीहोर जनपद में दो नए पंचायत भवनों के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन विभाग से आवश्यक अनुमति शीघ्र प्राप्त की जाए, ताकि निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हो सके।

### भावान्तर योजना के सुचारू संचालन के निर्देश

जिले में सोयाबीन उपार्जन एवं भावान्तर भुगतान योजना के सुचारू संचालन के लिये कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि भावान्तर योजना का सुचारू संचालन नोडल अधिकारी स्वयं सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडी प्रबंधन को निर्देशित किया कि यदि सोयाबीन की आवक पंजीयन से अधिक पाई जाती है, तो तत्क्षण आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि किसी भी प्रकार क अनियमितता न हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि किसान को उनकी उपज का भुगतान तत्काल कराया जाए। जिन किसान के भुगतान लंबित या फेल हो गए हैं, उनके मामलों का तत्काल निराकरण किया जाए।

### किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नह की जाएगी

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला शिक्षा अधिकारी क निर्देशित किया कि जिले के सभी शिक्षक समय पर विद्याला पहुँचकर अपनी ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्हों स्पष्ट कहा कि उपस्थिति दर्ज कराने में किसी भी प्रकार क लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने चेतावनी दे हुए कहा कि किसी भी कीमत पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएम और संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्हों शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए समयपालन ए डिजिटल उपस्थिति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके

कलेक्टर बालागुरु के के वन्न राजस्व एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए।

---

# 8 करोड़ के प्रोजेक्ट पर सवाल, क्या डीपीआर में नहीं बताई गई थी निजी जमीन

डीआर संवाददात» सीहोर

जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवर ब्रिज शुरू से ही विवादों में घिरा रहा है, लेकिन अब इस 28 करोड़ के प्रोजेक्ट पर एक नई और मुसीबत खड़ी हो गई है। हाउसिंग बोर्ड की तरफ ब्रिज के अंतिम छोर के पास एक निजी जमीन सामने आ गई है, जिसके मालिक ने हाल ही में ब्रिज के रास्ते पर एक पक्की दीवार खड़ी कर दी है। इस दीवार ने न केवल निर्माण पर ब्रेक लगा दिया है, बल्कि ब्रिज कॉर्पोरेशन की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

पूर्व पार्षद और स्थानीय रहवासी मनोज गुजराती ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिज कॉर्पोरेशन पर लापरवाही की हद पार करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने सीधे सवाल उठाए कि ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को 28 करोड़ के प्रोजेक्ट की डीपीआर में आगे निजी भूमि आएगी, बताया नहीं था क्या? राजस्व विभाग से कोई सीमांकन कराया गया था क्या? ब्रिज की आखिरी छोर की दीवार बना दी गई और अब नवनिर्मित दीवार के सामने निजी भूमि स्वामी ने हाल ही में अपनी बाउंड्री पक्की बना दी गई, जिससे अब तो रास्ता और छोटा हो गया।

### सर्विस रोड का विरोध जारी, अब दीवार की चुनौती

यह नया विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से सर्विस रोड की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। रहवासी अब तक धरना, सांप-सीढ़ी प्रतियोगिता, घरों पर काले झंडे लगाने और आमरण अनशन तक कर चुके हैं। उनका आरोप है कि स्वीकृत

### ब्रिज कॉर्पोरेशन ने शुरू की अधिग्रहण प्रक्रिया

इस नाई चुनौती पर ब्रिज कॉर्पोरेशन भोपाल के इंजीनियर केसी वर्मा ने स्वीकार किया है कि उन्हें दीवार खड़ी किए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया सीमांकन में आधी रोड निजी जमीन निकल रही है। जमीन को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्ट्रेट व राजस्व कार्यालय में फाइल भेजी गई है. सुआवजा संबंधित जो भी प्रक्रिया होगी, उसे पूर्ण किया जाएगा।

राशि 2.76 करोड़ होने के बावजूद 1700 मीटर सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो रहा है।

---

## विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम

डीआर संवाददात» सीहोर



विश्व एड्स जागरूकता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान सभी हो एड्स फैलने के कारणों और इससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीहोर में विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया की 01 दिसम्बर को सम्पूर्ण विश्व में विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 1987 में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) शुरू किया गया, बाद में 1992 में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स से प्रभावित व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती हैं, इसलिये इस बीमारी से बचाव के लिये जागरूकता फैलाना आदि।

## कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आष्टा में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददात» आष्टा



सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस और ग्रामीण कांग्रेस ने वीआईटी कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर तहसील कार्यालय में तहसीलदार रामलाल पगारे को ज्ञापन सौंपा और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि निर्दोष छात्रों को फंसाया जा रहा है, जबकि यह पूरा मामला कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से सामने आया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज (भोपाल-इंदौर हाईवे पर) में छात्रों की तबीयत खराब होने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर छात्रों में आक्रोश फैल गया था। इसके परिणामस्वरूप वहां एक गंभीर घटना घटित हुई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रबंधन द्वारा छात्रों के शोषण से जुड़ा प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों को दूषित पानी और खराब खाद्य पदार्थ दिए जा रहे थे, जिससे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ठाकुर ने आगे बताया कि जब छात्रों ने प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया, तो प्रबंधन के इशारे पर सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों के साथ मारपीट की। इस घटना से छात्रों का सब्र टूट गया और वे आक्रोशित हो गए।कांग्रेस ने सरकार से मांग की है ।

## विश्व एड्स दिवस पर सीहोर में जागरूकता रैली



डीआर संवाददात»सीहोर

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला चिकित्सालय सीहोर के ट्रामा सेंटर परिसर से एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन सह अधीक्षक प्रभारी डॉ. आरके वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। उनके साथ आरएमओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, डीपीएम डहरिया, नोडल अधिकारी जेडी कोरी, डॉ. बीके चतुर्वेद ी एवं अस्पताल प्रबंधक रीना पार्टीदार भी उपस्थित रहीं।

रैली में शामिल बच्चों और विद्यार्थियों ने हाथों में एड्स जागरूकता से जुड़े संदेश और बैनर लेकर शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों से होते हुए पुनरू जिला अस्पताल परिसर तक पदयात्रा की। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा साहू ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एचआईवीध्एड्स के कारणों, बचाव के उपायों एवं जागरूकता के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।

रैली में डीके राय (स्काउट ऑफिसर), लूर्द माता हायर सेकेंडरी स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं, श्री साई इंस्टिट्यूट के प्रभारी आशुतोष, श्रद्धा नागेश्वर एवं छात्राएं, प्राचार्य डॉली रानी कुमार, एलिजाबेथ, लिली जोसेफ, सीमा, मोनिशा, संतोष अहिरवार, कामिनी गोंड, देवेंद्र वर्मा, कुलदीप तिग्गा सहित एनजीओ का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षण संस्थानों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। अंत में डॉली रानी कुमार द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### सेना का हॉट एयर-बैलून आष्टा से पुणे के लिए रवाना

**आष्टा ।** भारतीय सेना का हॉट एयर बैलून सोमवार सुबह आष्टा से पुणे के लिए रवाना हुआ। यह बैलून भोपाल से पुणे तक की 830 किलोमीटर की यात्रा पर है। सोमवार को यह आष्टा से लगभग 135 किलोमीटर की दूरी तय कर महू पहुंचेगा, जहां मंगलवार को रात्रि विश्राम करेगा।आर्मी हॉट एयर बैलूनिंग अभियान के तहत यह बैलून रविवार को भोपाल से उड़ान भरकर आष्टा पहुंचा था। भोपाल से आष्टा तक इसने करीब 100 किलोमीटर का हवाई सफर तय किया था और डाबरी गांव के एक खेत में उतरा था। एयर बैलून को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई आकाश में इस हॉट एयर बैलून को देखकर आष्टा और आसपास के गांवों

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ रवाना

डीआर संवाददात»सीहोर



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एम. के. वर्मा, न्यायाधीश उपं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू विद्युत महाप्रबंधक पूनम तुमराम, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, पैनल लॉयर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में भारी छूट

सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि उर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में छूट के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार न्यायालय में लंबित विद्युत अधिनियम के योग्य प्रकरणों में सिविल दायित्त्व में 20 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में भी सिविल दायित्व में 30 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट रहेगी, यह छूट मात्र नेशनल लोक में समझौता करने पर सिविल दायित्व की राशि 10,00,000६- (दस लाख रूपये) तक के प्रकरणों में लागू रहेगी। इसके साथ ही नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जलकर एवं संपत्ति कर अधिभार में नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष छूट के निर्देश जारी किए गए है।

---

**जागरूकता** सोमवार को एड्स दिवस पर तत्कृष्टविद्यालयमानव श्रृंखला बनाकर किया एड्स के प्रति जागरुक

## रासेयो इकाई व जिला चिकित्सालय ने निकाली एड्स के प्रति जागरूकता रैली

डीआर संवाददात»सीहोर



सोमवार को एड्स दिवस पर तत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जिला चिकित्सालय के सहयोग से सीहोर शहर में एड्स के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया। सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय से रैली को सिविल सर्जन सह अधीक्षक प्रभारी डॉक्टर आर के वर्मा, डॉ बीके चतुर्वेदी, आरएमओ डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव, डीपीएम डहरिया सर, नोडल अधिकारी जेडी कोरी चिकित्सालय प्रबंधक रीना पार्टीदार एवं उत्कृष्ट विद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय ने हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं जागरूकता स्लोगन तख्ती लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। जागरुकता रैली कोतवाली चौराहा पान चौराहा एवं अटल चौराहे से निकाली गई। कोतवाली चौराहा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व एड्स दिवस मा. विवाला सीहो अटल चौराहे पर स्वयंसेवकों एवं एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को एड्स के प्रति जागरूक किया। इसके पक्षात रैली मुख्य शहर से होते हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई रैली में आईटीसी काउंसलर संतोष अहिरवार एवं पुष्पा साहू अंग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक धनेश कुमार कोरचे हिंदी विद लीला भिलाला कामिनी मैडम तथा स्वयंसेवकों के साथ चल रहे थे। जिला अस्पताल पहुंचे वहां पर पुष्पा साहू ने अपने संबोधन में एचआईवी एड्स पर विस्तृत प्रकाश डाला श्री साई इंस्टीट्यूट के प्रभारी आशुतोष सर, ब्रद्धा नागेश्वर एवं छात्राएं, लिली जोसेफ, सीमा, मोनिशा, संतोष अहिरवार, कामिनी गोड़, देवेंद्र वर्मा, कुलदीप तिग्गा एवं एनजीओ के समस्त स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा, कार्यक्रम के अंत में डोली रानी ने आभार व्यक्त किया।

## जावर पुलिस ने 1982 से संधारित रिकॉर्ड किया नष्ट

डीआर संवाददात» जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा थानो पर संधारित पूराने रिकार्ड के नष्टीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत और आकाश अमलकर एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना जावर पुलिस द्वारा थाना जावर पर संधारित वर्ष 1982 से विभिन्न दस्तावेज पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम थाना प्रभारी जावर, रक्षित निरीक्षक सीहोर, मुख्य लिपिक डीपीओ सीहोर, मुख्य रिकार्ड कीपर डीपीओ सीहोर, एचसीएम थाना जावर की उपस्थिति में रविवार को थाना जावर परिसर में नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक नीता देअरवाल, प्रआर 668 सुनील वर्मा, प्रआर 619 जसंवत सोलंकी, प्रआर 238 सीताराम, आर 454 बलराम, आर 55 अनिल चौधरी, आर 219 अमित जमरे, आर 215 सुरेन्द्र मंडलोई, आर 326 सुभाष, सैनिक 226 बनेसिह का सराहनिय योगदान रहा।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष12 2082 विदिशा, दिन मंगलवार ,दिनांक 02 दिसंबर 2025


## न्यूज गैलरी

### विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए

**विदिशा।** श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट के मैनेजर ट्रस्टी विठ्ठल दास डांगरा ने अपना जन्मदिन सेवा भारती के संस्कार केंद्रों के बच्चों के बीच मनाते हुए लगभग 250 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए। ट्रस्ट द्वारा सेवा भारती विदिशा को 21 हजार रुपए सेवा कार्यों हेतु तथा रामकृष्ण शिक्षा समिति के विद्यालयों को 51 हजार की राशि समर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की उपाध्यक्ष डॉ. किरण सेजवार सहित अनेक सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक बाबूजी को स्वयं निर्मित गुलदस्ते और चित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया।

### अभाविप की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**ग्यारसपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ग्यारसपुर इकाई की नवीन कार्यकारणी की घोषणा हुई। जिसमे नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र धाकड़ को बनाया गया और नगर मंत्री यश रघुवंशी को बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप मध्य भारत प्रांत कार्यकारणी सदस्य गोविंद रघुवंशी उपस्थित रहे।

### छात्रों ने प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया

**ग्यारसपुर।** पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल अटारी खेजड़ा के विद्यार्थियों ने सॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के तहत ग्यारसपुर स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल के निर्देश पर आयोजित इस स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम में छात्रों को मिट्टी परीक्षण के महत्व, वैज्ञानिक प्रक्रिया तथा उर्वरता विश्लेषण की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी गोपाल बघेल, प्रयोगशाला प्रभारी विशाल अहिरवार और शिक्षक चंद्रभान विश्वकर्मा की उपस्थिति में बच्चों ने प्रयोगशाला के उपकरणों को देखा और मिट्टी जांच की पूरी प्रक्रिया को उत्साहपूर्वक समझा।

### उदयगिरि परिक्रमा के 8 वर्ष पूर्ण हुए, बुजुर्गों का किया सम्मान

**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित उदयगिरि परिक्रमा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को परिक्रमा में निरंतर सहभागी रहे सभी बुजुर्गों का सम्मान किया गया। 21 किमी की यह परिक्रमा समरसता, पर्यावरण संरक्षण, पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण और विदिशा की धार्मिक महत्ता को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर की जाती है। सोमवार को परिक्रमा के दौरान आवले का वृक्ष रोपित किया गया और निश्चय लिया गया कि हर परिक्रमा में एक फलदार पौधे का रोपण होगा।

### हिन्दू संगम यात्रा वाहन रैली कल से

**विदिशा।** हिन्दू संगम यात्रा वाहन रैली 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे रंगई से प्रारंभ होगी। यात्रा पांच प्रमुख परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक शिष्टाचार और सामाजिक समरसता को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिए गांव–गांव में जागरण करेगी। यह यात्रा पहले दिन नटेरन में विश्राम कर अगले दिन विभिन्न गांवों से होकर सूर्यनगर में संपन्न होगी। हिन्दू समाज को समस्याओं के समाधान में स्वावलंबी बनाने का ही इसका मुख्य उद्देश्य है।

---

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# आंगनबाड़ी, छात्रावासों व अस्पताल परिसरों में रिक्त भूमि पर सब्जी उत्पादन कर किया जाएगा

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर होस्टल और अस्पताल की जमीनों पर उद्यानिकी विभाग के सहयोग से सब्जियों का उत्पादन किया जाएगा।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के इस नवाचार से विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को ताजी सब्जियों की उपलब्धता संभव होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने उक्त निर्देश देते हुए सोमवार को आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का संतुष्टिपूर्वक और समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आवेदन किसी भी स्तर पर

अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जिलास्तर पर संभव नहीं है, उनके कारणों को रेखांकित कर जवाब प्रस्तुत किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया से आवेदक को अवगत कराया

**संतुष्टिपूर्वक आवेदनों का निराकरण करें,कलेक्टर अंशुल गुप्ता**




जाए।

कलेक्टर ने यह भी जोर दिया कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभतुरंत मिले तथा अपात्र पाए जाने पर कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। बैठक में में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन से जुड़े लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। संभागायुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित एजेण्डा बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि र जिले में खाद वितरण के पायलेट प्रोजेक्ट को संचालित किया गया है, ग जिसे आगामी रबी सीजन में नियमित रूप से लागू किया जाएगा। किसानों के घर तक खाद पहुंचाने की प्रक्रिया में निजी खाद विक्रेताओं को भी निर्धारित शुल्क पर शामिल किए जाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक कृषकों को इ सुविधा मिल सके। बैठक में ब विभिन्न विभागों द्वारा संचालित ब हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

#### जैविक खेती एवं विशेष फसलों के लिए तैयारी

फसलों के लिए तैयारी कलेक्टर ने जिले में जैविक खेती को जैविक खेती एवं विशेष बढ़ावा देने की दिशा में आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जैविक खेती के लिए चयनित ग्रामों एवं फसलों की जानकारी विकासखंडवार संधारित की जाए तथा उनके विक्रय हेतु उचित बाजार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही चिया, कलोंजी और अश्वगंधा की खेती हेतु चिन्हित ग्रामों एवं किसानों की जानकारी भी जुटाई गई।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि नवाचारों के माध्यम से हितग्राहियों तक लाभ शीघ्र पहुंचे, इसके लिए विभागीय प्रक्रियाएं सरल और प्रभावी बनाई जाएं।

---

# हिन्दू संगठनों ने गोतस्कर पर रासुका लगाने की मांग, ज्ञापन दिया



डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने सोमवार को गो तस्कर इमरान खान पर रासुका लगाने की मांग की। कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि इमरान खान, पिता फैज खान, धनोरा पठारी से लगातार गो तस्करी कर रहा है। विदिशा और रायसेन जिले में उस पर कई मामले दर्ज हैं। पूर्व में उस पर एनएसए के तहत कार्रवाई हो चुकी है। कुछ दिन पहले रायसेन पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। वह इस समय रायसेन जेल में बंद है। आरोप है कि इमरान खान लगातार गो तस्करी करता है। इससे जिले का माहौल बिगड़ता है। ज्ञापन में मांग की गई कि उस पर फिर से रासुका के तहत कार्रवाई हो। ज्ञापन देने वालों में शैलेश रघुवंशी, सौरभसिंह राजपूत, संजय प्रजापति, रविकांत शर्मा, सुरेंद्र कुशवाह, प्रियंक रघुवंशी, दीपक पाल और अमन लोधी शामिल रहे।

### समाधान योजनारू 80: से ज्यादा कम हुआ बिल

**माचलपुर।** प्रदेश सरकार की बिजली समाधान योजना लोगों के लिए राहत का बड़ा जरिया बन रही है। अरनिया निवासी भभूत सिंह का घरेलू बिजली बिल 3,65,078 तक पहुंच गया था। आर्थिक परेशानी के कारण बिल जमा नहीं हो पा रहा था, लेकिन समाधान योजना के तहत उन्हें बड़ा लाभ मिला। योजना का लाभ लेते हुए उपभोक्ता ने कुल 59,878 राशि जमा कर अपना पूरा बकाया बिल शून्य करा लिया। अधिकारियों के मुताबिक, योजना के कारण प्रदेशभर में हजारों उपभोक्ता भारी भरकम बकाया से राहत पा रहे हैं।

---

# रबी फसल बीमा पाठशाला सप्ताह कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

डीआर संवाददाता ⏭ शमशाबाद

विकासखंड नटेरन के कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा रबी वर्ष 2025–26 हेतु फसल बीमा पाठशाला सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला, नटेरन में कृषकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि समिति के सभापति गजेंद्र राजपूत और यशपाल सिंह रघुवंशी के द्वारा किया



गया है। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय फसल बीमा समन्वयक शुभम मीणा एवं ी जितेंद्र यादव द्वारा फसल बीमा पाठशाला सप्ताह के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

बीमा योजना के उद्देश्य, लाभ, पंजीयन प्रक्रिया, दावा प्रकरण एवं जोखिम प्रबंधन जैसे विषयों पर कृषकों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही किसानों को समय पर बीमा कराने एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले संभावित नुकसान से बचाव हेतु आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में कार्यालय शाखा प्रभारी सत्यम नेमा, कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन, अनिल बघेल, राज रघुवंशी, शालिनी रघुवंशी, संगम रघुवंशी, तुलसा एवं अरविंद यादव सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# आरक्षक के साथ मारपीट करने वाले कल्लू ढाबा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

रंगई के आगे कल्लू ढाबे पर सोमवार रात उस समय हंगामा मच गया जब भोपाल क्राइम ब्रांच में पदस्थ आरक्षक आदित्य साहू का और ढाबा संचालक के बीच बिल भुगतान को लेकर विवाद हुआ। आरक्षक आदित्य साहू भोजन करने पहुंचे थे। बिल भुगतान के समय ढाबा संचालक से कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि संचालक और आरक्षक के



बीच मारपीट हो गई। हमले में आरक्षक साहू गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम प्रधान आरक्षक सोनपाल तोमर और चालक प्रदीप सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल आरक्षक को अस्पताल

पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने कल्लू ढाबा पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़कर थाने ले आई। इस दौरान ढाबे पर जमकर हंगामा भी हुआ। आरक्षक ने आरोप लगाया है कि ढाबा संचालक ने उनके साथ मारपीट कर घायल किया है।

पुलिस ने आरक्षक के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण कायम कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच जारी है।

---

# उदगम स्थल को पुनर्जीवित करने बैठक कल

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा। पौराणिक एवं सदानीरा रही बेतवा नदी पिछले वर्ष अपने उगम स्थल झिरी गांव पर सूख गई थी। इसके संरक्षण के लिए ग्राम सेवा समिति भोपाल, बेतवा बिरादरी विदिशा तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाएं तीन वर्ष से निरंतर श्रमदान कर रहीं हैं। इस वर्ष मई में सैकड़ों स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए 55 चौक डैमों से उद्म स्थल की जलधारा आंशिक रूप से पुनर्जीवित हुई है। इसे स्थायी रूप से सदानीरा बनाने के लिए आगामी वर्षो में भी सतत प्रयास




आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य से बेतवा नदी को सदानीरा व प्रदूषण मुक्त बनाने पर विचार–विमर्श हेतु 3 दिसंबर को भोपाल व विदिशा के प्रबुद्ध जनों की बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक शाम 4 बजे ग्राम सेवा समिति कार्यालय, 114 फाइन एवेन्यू, कोलार रोड, भोपाल में होगी। यह जानकारी डॉ. आरके पालीवाल और डॉ. सुरेश गर्ग ने दी।

---

# कोहरा छाया और बढ़ेगा, दृश्यता 100 मीटर रही

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

शहर और जिले में मध्यम कोहरा छाने लगा है। दृश्यता घटकर 100 मीटर रह गई है। मौसम विशेषज्ञ सतेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पूर्व दिशा से 1.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। सोमवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। आने वाले दिनों में कोहरा और घना होने की संभावना है। रात का तापमान 9 डिग्री दर्ज हुआ। दिन का तापमान 27 डिग्री रहा। दिन में मौसम साफ रहने के बावजूद



ठंड बढ़ने लगी है। सुबह और शाम के समय तापमान तेजी से गिर रहा है। इससे ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होगी।

---

# कलेक्टर गुप्ता ने 4 महिला बीएलओ को किया सम्मानित

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को विदिशा विधानसभा क्षेत्र की 3 महिला बीएलओ और कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की 1 महिला बीएलओ की एसआईआर के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया है।

सम्मानित होने वाली वाली बीएलओ में विदिशा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 241 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ बबीता गोकुल जिन्होंने 1227 मतदाताओं के




गणना फार्म डिजिटाइज्ड किए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 119 की आंगनबाड़ी

कार्यकर्ता और बीएलओ किरण बघेल जिन्होंने अपने मतदान केंद्र के 972 मतदाताओं के गणना फार्म डिजिटाइजेशन किया है। मतदान केंद्र क्रमांक 152 की

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ राशीदा खान ने 1203 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज्ड किए हैं और कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 222 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ आशा गोपाल दांगी जिन्होंने 1136 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज्ड किए हैं। इन सभी बीएलओ को कलेक्टर ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

---

**15 वें गीता महोत्सव** रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में हुआ कार्यक्रम

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गूंजा अध्यात्म का स्वर, 15वें अध्याय का सामूहिक वाचन

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में हुए मुख्य कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद् गीता के 15वें अध्याय का वाचन किया गया तथा इसके आध्यात्मिक व व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि गीता मानव जीवन को सच्चे मार्ग पर

चलने की प्रेरणा देती है और धर्म अधर्म के संघर्ष में सत्य की ही विजय होती है। विश्व गीता प्रतिष्ठान द्वारा अध्याय वाचन



संपन्न कराया गया तथा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष

हरिनारायण शर्मा ने गीता पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस्कॉन के अध्यक्ष राधाभाव गौर ने गीता के कर्मयोग और उसके उद्देश्यों पर सारगर्भित चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पुरुषोत्तम योग श्रीमद्भगवद् गीता योगेश्वर श्रीकृष्ण का उपदेशामृत पुस्तिका का विमोचन भी विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, एसडीएम क्षितिज शर्मा, विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

---

# झिलीपुर गांव के 256 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन मिले

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन विदिशा जिले के हर गांव में नल कनेक्शन के माध्यम से जल पहुंचा रही है। इस योजना से विदिशा जिले के ग्राम झिलीपुर के 256 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन मिले हैं। यह योजना ग्रामीण जन–जीवन को और बेहतर बना रही है। घर में ही नल से जल मिलने से ग्रामीणों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे हैं, क्योंकि अब गांव की महिलाओं को पानी के लिए कुओं, हैण्डपम्प और तलाबों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें घर में ही शुद्ध और शीतल जल मिल सकेगा।

जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत झिलिपुर की एकल



लजल योजना के सुचारू संचालन हेतु 50 केएल क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी (ओवरहेड टैंक) तथा 20 केएल क्षमता के सम्प वेल का निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं की स्थापना से ग्राम में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ एवं स्थायी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

ग्राम नल–जल योजना का सफल ट्रायल रन पूर्ण कर लिया गया है। ट्रायल रन की सफल समाप्ति के उपरांत योजना को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिया गया है।

इस योजना के माध्यम से ग्राम झिलिपुर के 256 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, जिसके द्वारा प्रत्येक घर तक सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जल जीवन मिशन एवं संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 12, 2082 | राजगढ, दिन मंगलवार, दिनांक 02 दिसंबर, 2025


## न्यूज गैलरी

### उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश सेवानिवृत्त हुए

**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत ओमप्रकाश सेन की सेवानिवृत्ति पर विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग में तिरालिस वर्षों तक सेवारत शिक्षक की सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा उनका अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार आर.पी. गौड़ न ` माँ सरस्वती का पूजन कर सेवानिवृत शिक्षक सेन का शाल श्रीफल पुष्पहार एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। सेन की उत्कृष्ट सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। विद्यालय प्राचार्य हरीश गुप्ता एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा भी उनका पुष्पहार से सम्मान कर उनके द्वारा की गई सेवाओं की प्रशंसा कर उन्हें सम्मानपत्र भेंट किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 7वीं के छात्र रौनक सेन ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रौनक सेन का चयन अंडर–13 बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में संभाग स्तर के लिए हुआ है। वह आगामी जनवरी माह में भोपाल में आयोजित होने जा रहे संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक, शिक्षक–शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रौनक सेन को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### समाधान योजनारू 80ः से ज्यादा कम हुआ बिल

**माचलपुर।** प्रदेश सरकार की बिजली समाधान योजना लोगों के लिए राहत का बड़ा जरिया बन रही है। अरनिया निवासी भभूत सिंह का घरेलू बिजली बिल 3,65,078 तक पहुंच गया था। आर्थिक परेशानी के कारण बिल जमा नहीं हो पा रहा था, लेकिन समाधान योजना के तहत उन्हें बड़ा लाभ मिला। योजना का लाभ लेते हुए उपभोक्ता ने कुल 59,878 राशि जमा कर अपना पूरा बकाया बिल शून्य करा लिया। अधिकारियों के मुताबिक, योजना के कारण प्रदेशभर में हजारों उपभोक्ता भारी भरकम बकाया से राहत पा रहे हैं।

**एसपी से गुहार** | यौनशोषण व मानसिक रूप से प्रताड़ित महिला ने एसपी से लगाई गुहार

# एमपीडबल्यूएल कार्पोरेशन के पूर्व से दो शादी कर चुका है आरोपी, पीड़िता को देता रहा शादी का झांसा

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा

खिलचीपुर के कुलीखेड़ा के रहने वाले मेहरबान सिंह पर लिवइन में रहने वाली पीड़िता ने लगातार शारीरिक संबंध बनाकर यौनशोषण करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गर्भपात कराने एवं जान से मारने की धमकी जैसे आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर दिए गए आवेदन में कहा है कि आरोपी ने कई महीने पीड़िता के साथ देहशोषण किया एवं लड्डुका पैदा करने के लिए दबाव बनाता रहा।

बाद में पता चला की उसकी पूर्व में ही 2 शादी हो चुकी है। इस पर से बात बिगड़ना शुरू हुई और चालाकी से मेहरबान से पीड़िता को भी झांसे में ले लिया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाते हुए मेहरबान सिंह दांगी ने गर्भपात भी करवाया। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी मेहरबान पर मामला दर्ज किया गया है।



पीड़िता ने एसपी को दिया ज्ञापन



भाजपा नेता मेहरबान सिंह दांगी

### पहले ही मेहरबान की हो चुकी हैं दो शादियां

कुलीखेड़ा में रहने वाले एवं राजनीतिक संरक्षण का गलत फायदा उठाने वाले मेहरबान सिंह दांगी ने दो शादियां की है जिनमें से भवानीपुरा खिलचीपुर की सुंदरबाई से हुई है एवं दूसरी शादी ब्यावरा के खजुरिया की कांताबाई दांगी से हुई है।

इसके बाद भी तीसरी शादीका झांसा देकर पीड़िता को कई महीने रखा और यौनशोषण किया।

### जबरन खिलाई गर्भपात की गोलियां

पीड़िता ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी को आवेदन में लिखा है कि आरोपी ने जबरन गोलियां खिलाकर मेरा गर्भपात करवाया है जिसमें 2 महीने का गर्भ गिराने की शिकायत की है। साथ ही मेरे साथ लगातार मारपीट कर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई और पिता के घर भगा दिया गया।

**इनका कहना है . .**

यह सब राजनीतिक षडयंत्र है। मैने ऐसा कुछ नहीं किया।
मेहरबान सिंह दांगी

**जिला उपाध्यक्ष भाजपा खिलचीपुर**

वैसे तो सभी कार्यकारिणी भंग चल रही है फिर भी कानून अपना काम करेगा।

**ज्ञानसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष भाजपा**

# यूरिया खाद के साथ थमा रहे खाद व्यापारी किसानों को उत्तम पाउच



डीआर संवाददाता ⏭ खिलचीपु

रबी फसल सीजन के चलते किसानों को यूरिया, डीएपी उर्वरक की फसलों में आवश्यकता है जिसको लेकर किसान सोसाइटी व खाद व्यापारियों की दुकानों पर खाद लेने हेतु अपने कामकाज को छोड़कर खाद खरीदने की जुगाड़ में खाद की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं। वही खाद व्यापारी किसानों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला कलेक्टर व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त खाद व्यापारियों को निर्देशित किया गया है, कि खाद निर्धारित रेट पर ही किसानों को विक्रय करें ओर उत्तम का पाउच किसानों को जबरजस्ती कर न दे। बहुत समय से किसानों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि खाद व्यापारी किसानों को निर्धारित रेट से अधिक रेट में यूरिया, डीएपीखाद विक्रय कर रहे हैं। इस बात को लेकर जब मीडिया ने जायजा लिया तो छापीहेड़ा नाके पर स्थित खाद की दुकानों पर खाद खरीदने वाले किसानों हेमराज दांगी, बीरम पिता मांगीलाल फीतापुरा, नारायण सिंह विश्वकर्मा निवासी ब्यावरा खुर्द ने बताया हमें खाद व्यापारी जबरदस्ती यूरिया खाद की बोरी के साथ उत्तम का पाउच 1919 जिसकी प्राइस लगभग 260 है जिसे युरिया खाद के बोरी के साथ अलग से रूपया लेकर दे रहे हैं जिससे हमें एक खाद की बोरी 520 रुपए में पड़ रही है। हम किसान 270 की खाद की बोरी उत्तम पाउच के साथ लेने को मजबूर है ओर जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी कृषि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में खाद्य व्यापारी हम किसानों का शोषण कर रहे हैं। इस विषय में व्यापारियों से चर्चा हुई तो बताया हमें कंपनी से ही उत्तम पाऊच 1919 साथ में देते हैं इनका हम क्या करें।

**इनका कहना है . .**

कलेक्टर ने टैग में प्रतिबंध लगा रखा है। यदि कोई खाद व्यापारी जबरदस्ती किसान को यूरिया की बोरी के साथ कुछ देता है तो व्यापारी पर एफआईआर की जाएगी।

**सचिन जैन, जिला कृषि अधिकारी, राजगढ़**

# आवारा कुत्तों सहित सूअरों को भी करेंगे शहर से बाहर

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

आवारा कुत्तों को पकड़ने नपा ने इंदौर से बुलवाई टीम

नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों में आवारा कुत्तों ने आतंक मचाया हुआ है। बीते एक महीने में कई लोग डॉग बाईट्स का शिकार हो चुके हैं। झुंडों के रूप में यहां–वहां घूम रहे इन आवारा कुत्तों को पकड़ने राजगढ़ नगर पालिका ने सोमवार को इंदौर से 12 से अधिक कर्मचारियों की एक टीम बुलवाई है।



इस टीम द्वारा न केवल आवारा कुत्तों बल्कि स्वच्छता के लिहाज से सूअरों को भी पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को डॉग कैचर टीम सदस्यों द्वारा उद्धभव नगर, खरला नाला सहित कईं स्थानों से आवारा कुत्तों व सूअरों का पकड़ा गया है। यह टीम आगामी दिनों में भी इसी तरह आवारा कुत्तों को पकड़कर उचित स्थानों पर पहुंचाएगी।

### शेल्टर होम भिजवाने की मांग

गौरतलब है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नगर के आवारा कुत्तों को पकड़कर ले जा रही टीम द्वारा कुत्तों को मकसूदनगढ़ के समीप छोड़ दिया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था। ऐसे में नगरवासियों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि इस बार कपड़े जा रहे कुत्तों कोएनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेंटर या शेल्टर होम पहुंचाया जाए ताकि वहां उनकी नसबंदी और टीकाकरण भी हो सके। उल्लेखनीय है कि बीते एक माह के दौरान जिला चिकित्सालय सहित आसपास के अन्य अस्पतालों में डॉग बाईट्स के चलते कई लोग घायल हो चुके है।

# सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक केबल लाइन बढ़ाई जाएगी

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर में 2 दिसंबर यानी कल बिजली कटौती होगी। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक ने बताया कि 33ध्11 केवी अशोकनगर उपकेंद्र से संबंधित फीडरों पर केबल क्षमता बढ़ाने और ट्रांसफर का कार्य किया जाएगा।

यह कार्य केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत किया जा रहा है। इस दौरान अशोकनगर सब–स्टेशन से निकलने वाले विभिन्न फीडरों पर विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी, जिससे कई क्षेत्र प्रभावित होंगे। मेन बाजार फीडर से संबंधित स्थानीय क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इससे प्रोसेशन रोड, सुराना चौराहा, गर्ल्स स्कूल और आसपास के क्षेत्र, घोसी मोहल्ला आदि प्रभावित रहेंगे।

कंपनी ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बंद या चालू करने का समय कार्य की आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

# कोतवाली थाने पहुंचे विहिप, बजरंग दल पदाधिकारी

डीआर संवाददाता ⏭राजगढ़।

गत 29 नवंबर को राजधानी भोपाल में मौलाना महमूद अरशद मदनी द्वारा दिए गए भाषण को भड़काऊ, देशद्रोही एवं विभाजनकारी करार देते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में खासा रोष व्याप्त है।

इस संबंध में मौलाना मदनी पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की नांग करते हुए विहिप, बजरंग सदस्य सोमवार शाम कोतवाली थाने पहुंचे और सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। विश्व हिन्दू परिषद जलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भड़काऊ और दशद्रोही भाषणों का हम पुरजोर विरोध करते हैं। मदनी जैसा व्यक्ति समाज और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के ब्लए बहुत खतरनाक है। इस तरह की मानसिकता रखने बाले पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152, 196 एवं 353 के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।



इस अवसर पर जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, बल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, जिला प्रचार प्रमुख लखन गुर्जर, गोरक्षा गोर प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, चंदन गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, प्रकाश तवर, सोनू गौड़, अभिषेक पिपलोटिया सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नपा में 109 स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त, तीन दिन से जारी प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ⏭ सारंगपुर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद नगर पालिका में कार्यरत 43 सफाईकर्मियों सहित कुल 109 स्थाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसके बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हटाए गए सफाईकर्मी पिछले तीन दिनों से नगर पालिका कार्यालय पर धरना–प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ नारे लगाते हुए विरोध जताया तथा नगर पालिका परिसर में बैठकर ज्ञापन एवं आदेश की प्रति अधिकारियों को दिखाई।

सोमवार को भी सफाईकर्मियों का प्रदर्शन जारी रहा। बड़ी संख्या में कर्मचारी, पदाधिकारी एवं उनके समर्थक नपा कार्यालय पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष विरु बुलद

कछवाय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे से चर्चा की। बैठक के दौरान सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार की मनमानी नहीं की गई है, बल्कि मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग मात्रालय प्रमुख सचिव के निर्देश पर कार्यवाही हुई। प्राप्त आदेश के आधार पर ही स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त की गई है। उन्होंने बताया कि नियुक्तियों और सेवा निरस्तीकरण पर उच्चस्तरीय निर्देश प्राप्त होने के बाद ही यह निर्णय लागू किया गया है। वहीं दूसरी ओर सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष कछवाय एवं राष्ट्रीय महासचिव सफाईकर्मी संघ संदीप सलोने एवं कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिनों के भीतर सभी हटाए गए सफाई कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति नहीं की जाती है तो पूरे जिले में सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि यह निर्णय अन्यायपूर्ण है तथा वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को बिना उचित विचार किए हटाया जाना मानविय एवं प्रशासनिक दोनों स्तर पर अनुचित है। इसी के चलते सोमवार को प्रदर्शन के दौरान नाराज कर्मचारियों ने सीएमओ ज्योति सुनेरे के खिलाफ नारे भी लगाए।

**विश्व एड्स दिवस** | विश्व एड्स दिवस पर नर्सिंग छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

# जिले में एड्स के 610 मरीज, हर साल बढ़ता ही जा रहा आंकड़ा

डीआर संवाददाता ⏭राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद जिले में एड्स पीड़ितों की संख्या में साल दर साल इजाफा होता ही जा रहा है। बीते पांच सालों की बात करें तो औसतन हर साल एड्स के 50 नए मरीज सामने आ रहे हैं। वर्तमान स्थिति में राजगढ़ जिले में एड्स के कुल 610 चिन्हित है जिनका इलाज भोपाल, राजगड़ आदि अस्पतालों में चल रहा है। सिर्फ बचाव ही रोकथामश वाली इस बीमारी के प्रति आमजनी को जारुगक करने नर्सिंग महाविद्यालय की छाराओं द्वारा कल 01 दिसंबर को विश्व



एड्स दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर नगर में एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने रैली कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों, पुराना बस स्टैंड, सब्जी बाजार और से गुजरी। रैली के दौरान प्रतिभागी जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। मंगल भवन पहुंचकर रैली का समापन हुआ। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि एड्स से बचाव ही इस बीमारी का सबसे प्रभावी समाधान है।

### खास–खास

छात्राओं को प्रदान किए स्टील थर्मस बॉटल

जागरूकता रैली के समापन के उपरान्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा रैली में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्टील धर्मस बॉटल का वितरण कराया गया। यह पाल छात्राओं के उत्साह को बढ़ाने और उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों से

जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

### जागरुकता ही एड्स से बचाव का मूल मंत्र

कार्यक्रम के समापन पर सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार कुल मरीज 600 व्यक्त किया। उन्होंने अपने पुरुष 380 उद्बोधन में कहा कि एड्स से महिला 150 15 बचाव के लिए जागरुकता ही मूल मंत्र है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को एड्स एवं 40 एचआईवी के संबंध में सही जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, एड्स कंट्रोल नोडल अधिकारी , कौशल पिपलोटिया, साधना बाँधम, ज्योति मीना आदि मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर भी हुए आयोजन

डीआर संवाददाता ⏭राजगढ़

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सोमवार को मुख्यालय के पारायण चौक परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे साधु, संतों का कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस दौरान उपस्थित विभिन्न स्कूलों के अनेकों बच्चों को श्रीमद् भगवत गीता के 15वें अध्याय का स–स्वर श्रवण करवाया गया। उपस्थित बच्चों ने पूरी तन्मयता के साथ भक्ति और श्रृद्धा में लीन रहते हुए इस अध्याय का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि वेद, पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन अनिवार्य है क्योंकि यही हमारी जड़ों और संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि गीता सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है और इसके 18 अध्यायों में ज्ञान, भक्ति, कर्म और योग का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि ष्कर्म करो, फल की चिंता मत करोश, गुरुजनों का सम्मान करो, यही जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा है।

### गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साधु संतों व जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीमद भगवद् गीता को शराष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात् सभी संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व नागरिकों ने सामूहिक रूप से गीता आरती का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, सम्मान और आध्यात्मिकता से भर उठा। अंत में राजगढ़ एसडीएम सुश्री निधि भारद्वाज ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।